

नवभारत
भोपाल, सोमवार 25 मई 2026

# अभियान में 40 से अधिक बसों की जांच

- बिना परमिट बस जब्त, 25 हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 24 मई. यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में यात्री बसों की विशेष चैकिंग अभियान शुरू किया गया है. यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा हैं. रविवार को परिवहन आयुक्त के निर्देशों के पालन में संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा यात्री बसों के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाया गया.**

अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा यात्रियों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले वाहन संचालकों पर सख्त कार्रवाई करना था. जांच अभियान का नेतृत्व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे एवं परिवहन उपनिरीक्षक शिवानी मुकाती ने किया.टीम ने शहर एवं प्रमुख मार्गों पर संचालित यात्री बसों की गहन जांच की.इस दौरान बसों में सुरक्षा उपकरणों एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर विशेष रूप से निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान कई बसों में गंभीर खामियां पाई गईं. अनेक वाहनों में अग्निशामक यंत्र उपलब्ध नहीं थे, जबकि कुछ बसों के इमरजेंसी द्वार सही स्थिति में नहीं पाए गए. कई वाहनों में मेडिकल बॉक्स नहीं था तथा पैनिक बटन जैसी अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था भी अनुपस्थित मिली. इसके अलावा वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स एवं अन्य वैध दस्तावेजों की भी जांच की गई.

> नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर परिवहन विभाग द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई .अब तक 40 से अधिक यात्री बसों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 10 से अधिक वाहनों पर 25 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है. वहीं बिना वैध परमिट संचालित एक बस को जब्त कर लिया गया.
> आरटीओ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. जिन वाहन संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाएगी, उनके विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी .विभाग द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जाएगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के साथ सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके.

# सूरज ने उगली आग, पारा 40 .2 दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुर, 24 मई. जिला मुख्यालय सहित जिले में भीषण गर्मी ने रविवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. सूरज की तेज तपिश और झुलसाने वाली लू का कहर देखने को मिला सुबह से ही हालात ऐसे थे जिसके कारण लोग जरूरी काम से बाहर निकले.**

गर्म शुष्क हवाओं के कारण रविवार को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री को छू गया, शाम 5 बजे तक शहर की सड़कों पर आवागमन कम देखने को मिला. सन्नाटा पसरा रहा, गर्मी से राहत पाने लोग गन्ने का रस, छाछ और लस्सी जैसे ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए, लेकिन इन दुकानों पर भी दोपहर के समय भीड़ नहीं थी. गर्मी के बीच रविवार को बिजली विभाग ने आठ फीडरों पर प्री मानसून मेंटेनेंस किया जिसके कारण तीन घंटे आधे शहर की बिजली सप्लाई बंद रही, जिससे लोग गर्मी खासे परेशान नजर आए,

मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि 29 मई तक ऐसे ही हालात बने रहने के आसार है. 30 मई से मौसम में परिवर्तन होगा जिसके कारण जिले में कही कही बूंदाबांदी दर्ज हो सकती है. लेकिन आगामी तीन से चार दिनों तक तापमान में किसी प्रकार का बदलाव देखने को नहीं मिलेगा. ऐसे सोमवार से नवतपा शुरू हो रहे हैं.

> **डिहाइड्रेशन का खतरा**
> स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी है कि तेव गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी होने से व्यक्ति हीट स्ट्रोक और डिहाईड्रेशन का शिकार हो सकता है. ऐसे में गर्मी के दौरान दोपहर 12 से 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचें, वही हो सिर को ढककर रखे पानी व मौसमी फलों का उपयोग, सुपाच्य भोजन ग्रहण करें.

## एक नजर में

### सोहागपुर में शांति समिति बैठक आयोजित


**नर्मदापुरम, 24 मई.** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर प्रियंका भलावी तथा थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान आगामी त्योहारों के अवसर पर कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही आपसी भाईचारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया.प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने की अपील की गई. आयोजकों से निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया गया.

### डॉ. दोगने ताइक्वांडो इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त



**हरदा, 24 मई.** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने को ताइक्वांडो इंडिया समिति द्वारा ताइक्वांडो राष्ट्रीय निकाय का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. विधायक डॉ. दोगने भारत में ताइक्वांडो खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य एवं एसोसिएशन की सफलता के लिए नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे. डॉ. दोगने की उक्त नियुक्ति पर समस्त कांग्रेसजनों व क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है.

### महिला कांग्रेस प्रभारी रुपाली शर्मा 26 को आएंगी



**इटारसी, 24 मई.** मध्य प्रदेश कांग्रेस की महासचिव एवं नर्मदापुरम जिले की महिला कांग्रेस प्रभारी रूपाली शर्मा 26 मई को जिला कांग्रेस कार्यालय इटारसी में महिला कांग्रेस की मीटिंग में शामिल होंगी. वे दोपहर 12:30 बजे महिला कांग्रेस संगठन की विशेष मीटिंग लेंगी. यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय उपस्थित रहेंगे. उन्होंने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है.

### जेल में महिला प्रहरी को दी धमकी

**नर्मदापुरम, 24 मई.** केंद्रीय जेल में एक बदमाश द्वारा महिला जेल प्रहरी को धमकाने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने बंदी से मुलाकात के लिए आवश्यक दस्तावेज मांगने पर महिला प्रहरी से अभद्रता की और उसका घर का पता पूछते हुए धमकी दी .जेल प्रबंधन की शिकायत पर कोतवाली थाना नर्मदापुरम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार, 22 मई की सुबह करीब 11 बजे महिला जेल प्रहरी खंड 'अ' के मुलाकात कक्ष में ड्यूटी पर तैनात थी. इसी दौरान ग्वालटोली निवासी सूरज कुचबन्दिया अपने एक परिचित के साथ जेल में बंद कैदी से मुलाकात करने पहुंचा. जब महिला प्रहरी ने नियम अनुसार उससे आवश्यक दस्तावेज और आधार कार्ड मांगा, तो वह भड़क गया. आरोपी ने आधार कार्ड दिखाने के बजाय महिला प्रहरी को धमकाना शुरू कर दिया. उसने धमकी भरे लहजे में पूछा, तुम रहती कहां हो? और उसका घर का पता पूछने लगा. महिला प्रहरी द्वारा सीधे तरीके से जवाब देने की बात कहने पर आरोपी ने अभद्रता शुरू कर दी, जिससे जेल का शासकीय कार्य प्रभावित हुआ. पुलिस के मुताबिक सूरज कुचबन्दिया आदतन अपराधी है. उसके खिलाफ पहले से आबकारी एक्ट की धारा 34(2) सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में भी जेल जा चुका है .पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# संगठन की मजबूती का आधार हैं शक्ति केंद्र : गौर



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 24 मई. प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्रों की मासिक बैठक के अंतर्गत नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल के शक्ति केंद्र 4, एवं 7 के बूथ क्रमांक 11,12,21,22,24,136, 237,138 मेहराघाट, एवं जासलपुर में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई.**

ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने बताया बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी राजेश गौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा शक्ति केंद्र संगठन की मूल इकाई हैं और सक्रिय शक्ति केंद्र ही संगठन को मजबूती प्रदान करता है साथ ही इस माह की 31 मई को प्रधानमंत्री मंत्री लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को बूथ टोली के साथ सामूहिक रूप हमें सुनना है. बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई.

बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने सुझाव भी रखे. कार्यकर्ताओं की ऊर्जा, उत्साह एवं संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए सभी से 'संगठन गढ़े चलो' के भाव के साथ निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया गया.

बैठक में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे,पूर्व जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, मंडल महामंत्री हिमाचल सिंह, मंडल मंत्री बसंत कीर , अन्नपूर्णा पांडे, मनोज बानिया, श्री कांत बनिया, हीरालाल सराठे, राजेश कीर, संदीप सिंह चौहान, धनराज सैनी, हरिशंकर नायर, हन्नू, वीरेंद्र सिंह, कमल सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

- घाट पर फैला कचरा, मालाएं डस्टबिन में डालीं
- मां नर्मदा की स्वच्छता को बताया सच्ची सेवा



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 24 मई.** चित्रगुप्त घाट (कोरी घाट) पर रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा मां नर्मदा स्वच्छता अभियान चलाया गया. समाज की मातृशक्ति और पुरुषो ने घाट परिसर व नदी किनारे फैला कचरा, फूल-मालाएं और पूजन सामग्री साफ कर डस्टबिन में डाली.समाजसेवी आशा राजपूत और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने मां नर्मदा की स्वच्छता को सच्ची सेवा बताते हुए लोगों से घाटों पर कचरा न फैलाने और डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की. अभियान में समाज के कई लोगों ने सहभागिता निभाई.

# गंगा दशहरा पर आज श्रमदान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 24 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे. प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरियां, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण-पूजन तथा जल और नदियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेंगीं. इसी क्रम में 25 मई को हरदा जिला मुख्यालय पर प्रात: 9 बजे अजनाल नदी के तट पर स्वच्छता के लिये श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. शाम 7 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में गंगा दशहरा आधारित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा जनजागरूता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

# पानी की शिकायत करने वालों के नल कनेक्शन काटे

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा-यह जनता के साथ अन्याय है

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 24 मई.** नगर पालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है.भीषण गर्मी में जब शहर के नागरिक पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, तब पानी नहीं आने की शिकायत करने वाले गरीब परिवारों के नल कनेक्शन ही काट दिए गए.वार्ड क्रमांक 34 श्रीनगर सहित कई क्षेत्रों में हुई इस कार्रवाई ने पालिका प्रशासन की संवेदनहीनता उजागर कर दी है.

नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने कहा कि यदि कोई कनेक्शन अवैध था तो उसे तुरंत काटने के बजाय पहले संबंधित परिवार को नोटिस देकर वैध करने का अवसर दिया जाना चाहिए था.नगर पालिका का काम जनता को सुविधा देना है, प्रताड़ित करना नहीं.

उन्होंने कहा कि शहर में लंबे समय से पानी संकट बना हुआ है.कई वार्डों में नियमित जल प्रदाय नहीं हो रहा, लोग टैंकरों के भरोसे हैं, लेकिन नगर पालिका समस्या का समाधान करने के बजाय शिकायत करने वालों को ही परेशान कर रही है.यह जनता के साथ अन्याय है.

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर में हजारों अवैध नल कनेक्शन आखिर बने कैसे. आम आदमी स्वयं सड़क खोदकर पाइपलाइन से कनेक्शन नहीं जोड़ सकता.

यह सब नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से ही संभव हुआ होगा. वर्षों से हजारों रुपए लेकर अवैध कनेक्शन दिए गए और शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया. रोचलानी ने मांग की कि केवल गरीब परिवारों पर कार्रवाई करने के बजाय उन कर्मचारियों और अधिकारियों की भी जांच हो जिन्होंने पैसे लेकर अवैध कनेक्शन दिए.पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर एफआईआर एवं विभागीय कार्रवाई की जाए.

नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि जिन परिवारों के कनेक्शन काटे गए हैं उन्हें तत्काल पुन: जोड़ा जाए.

# अध्यक्ष ने किया जल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण

- विभाग को दिए आवश्यक निर्देश



इटारसी, 24 मई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने रविवार दोपहर नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचने वाले पानी के टैंकरों की व्यवस्था का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय ट्यूबवेलों से पानी भरने में लगने वाले समय एवं वार्डों में पानी सप्लाई के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी टैंकर चालकों से प्राप्त की.

निरीक्षण के समय नपा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में निर्धारित समय पर नियमित रूप से पानी पहुंचाया जाए. उन्होंने पानी के दुरुपयोग को रोकने एवं जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी उपलब्ध जल स्त्रोतों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे. साथ ही टैंकरों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करने एवं सप्लाई व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए.

# इटारसी के बड़े हिस्से में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**इटारसी, 24 मई.** इटारसी शहर के एक बड़े हिस्से में 25 मई को तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. बूढ़ीमाता उपकेंद्र से संचालित 11 केवी मालवीयागंज फीडर पर रखरखाव कार्य के कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा. विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी के असिस्टेंट इंजीनियर अखिलेश कन्नौज ने बताया कि फीडर पर नियमित रखरखाव और तकनीकी सुधार कार्य किए जाएंगे. इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी.

कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य के दौरान समय में आवश्यकतानुसार बदलाव हो सकता है.यदि रखरखाव कार्य जल्दी पूरा होता है, तो आपूर्ति पहले शुरू की जा सकती है, जबकि तकनीकी दिक्कत आने पर शटडाउन की अवधि बढ़ भी सकती है.

**पहल** — कलेक्टर मार्गदर्शन में हरदा जिले में चल रहा अभिनव प्रयास

# पोषण प्रहरी नवाचार बना कुपोषण मुक्ति की दिशा में प्रभावी अभियान



**नवभारत न्यूज**

**हरदा 24 मई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में एक अभिनव एवं जनसहभागिता आधारित पहल 'पोषण प्रहरी' संचालित की जा रही है. यह नवाचार जिले के गंभीर कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषण की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी एवं संवेदनशील प्रयास के रूप में उभरकर आया है.**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी राजा रंगारे की सतत मॉनिटरिंग, प्रभावी समन्वय एवं निरंतर प्रयासों से अभियान को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो रही है.

विभागीय टीम द्वारा बच्चों की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण सहायता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है.'पोषण प्रहरी' अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग, पोषण सहायता एवं सामुदायिक सहयोग के माध्यम से उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाना है.गंभीर रूप से कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें निरंतर पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है.

> **613 कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चे चिन्हित**
> 'पोषण प्रहरी' अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 613 कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से अब तक लगभग 200 बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा चुकी है .यह उपलब्धि जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संबंधित अधिकारियों की सक्रिय कार्यप्रणाली एवं प्रतिबद्धता का परिणाम है. इस नवाचार के द्वितीय चरण में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को भी अभियान से जोड़ा गया है .समाज की सहभागिता से बच्चों के बेहतर पोषण, देखभाल एवं जागरूकता गतिविधियों को और अधिक गति मिल रही है .अभियान के माध्यम से कुपोषण के विरुद्ध सामाजिक चेतना विकसित करने का भी प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर जैन ने कहा है कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है .बच्चों का स्वस्थ एवं सुपोषित होना जिले के समग्र विकास का आधार है .इसी सोच के साथ 'पोषण प्रहरी' अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ, सुरक्षित एवं सुपोषित जीवन प्राप्त कर सके.

# स्वदेशी अवधारणा मजबूरी नहीं मजबूती है

- अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार ने कहा



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 24 मई. होर्मुज जलडमरूमध्य में भड़कती हूं राजनीतिक आग जब पूरी दुनियां की उर्जा आपूर्ति श्रृंखला को हिला रही है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्जा संकट से विकट परिस्थितियां का वातावरण निर्मित कर रही है. तब देश के आम नागरिकों की जीवन शैली में स्वदेशी भावना का अभ्युदय मजबूरी का नहीं मजबूती का सशक्त आधार बनकर उभरता है.**

यह बात स्वाबलंबी मंच के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन में कही. उन्होंने दैनिक जीवन चर्चा में कुल पांच बिंदुओं पर अपनी आदतों को बदलकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए सोने के क्रय पर नियंत्रण, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा , स्वदेशी को प्राथमिकता, मितव्ययिता, तथा उर्जा पानी और अन्य राष्ट्र संसाधनों का संयमित तथा विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की.

मध्य प्रांत के 16 जिले के उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने प्रांतीय वर्ग की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की. आयोजन को सफल बनाने में प्रबंधक रविलाल पटेल , नरेंद्र राठी ,विनेश पटेल ,ओम पटेल , बनबारीलाल यादव ,वल्लभ तोषनीवाल , नरेंद्र भांबू , योगमाया शर्मा की भूमिका रही. आभार डॉ. एल.एन.पाराशर सह प्रबंधक ने व्यक्त किया.